पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना घोषित हो राष्ट्रीय परियोजना

राजस्थान पत्रिका, जयपुर, दिनांक 09.07.2020

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र भेजकर राज्य की महत्वाकांक्षी पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने पूर्व में 16 विभिन्न बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजनाओं को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया है लेकिन राजस्थान की किसी भी बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना को यह दर्जा नहीं मिला है। कई जिलों में गंभीर पेयजल समस्या के चलते इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देना और शीघ्र क्रियान्विति आवश्यक है।

पत्र में लिखा कि ईआरसीपी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट नवम्बर 2017 में अनुमोदन के लिए केन्द्रीय जल आयोग को भेजी जा चुकी है। प्रोजेक्ट से राज्य के 13 जिलों में पेयजल तथा 2.8 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। ईआरसीपी परियोजना से झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर एवं धौलपुर जिलों को वर्ष 2051 तक पीने व सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।